Regarding eligibility of Course Completed Act Apprentices trained in Railway Establishment for the posts notified by Railways - laid

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे (रावेर):रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड ने लेवल-1 कोर्स कम्पलीटेड एक्ट अपरेंटिस (CCAAS) जिन्होंने रेलवे की एस्टाब्लिशमेंट से अप्रेंटिसशिप 12.04.2019 के पहले कम्पलीट किये हुए है। ऐसे पात्र उम्मीदवारों से एप्लीकेशन के लिये नोटीफाई किया था, जिसकी चयन प्रक्रिया हाल ही में शुरू हुई है। कोर्स कम्पलीटेड एक्ट अपरेंटिस (CCAAS) बैच 109 के कैंडिडेट्स जिन्होंने आईटीआई और अप्रेंटिसशिप कम्पलीट किये हुए है, ऐसे लगभग 8000 से 10000 कैंडिडेट्स को रेलवे बोर्ड ने डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के समय फेल किया है। यह कह कर कि उनके NAC सर्टिफिकेट में अप्रेंटिसशिप कम्पलीट करने की तिथि अप्रैल 2019 दर्ज है और यह तिथि 12.04.2019 नहीं होने से ऐसे सभी कोर्स कम्पलीटेड एक्टअपरेंटिस को रिजेक्ट किया है। जबकि इन कैंडिडेट्स का 20% कोटा रेलवे बोर्ड के भर्ती में होता है और इस नोटिफिकेशन में अभी भी 10000 से ऊपर पोस्ट रिक्त है। रेलवे के कुछ जोन में ऐसे कैंडिडेट्स को कंसीडर किया है और जोइनिंग भी दी हुई है। जैसा कि सामान्यत SSC सर्टिफिकेट में कभी भी पासिंग डेट दर्ज नहीं होती, सर्टिफिकेट इशू डेट लिखी जाती है, इसी तरह इन कैंडिडेट्स को DGT ने सर्टिफिकेट में अप्रेंटिसशिप कम्पलीट किया हुआ माह अप्रैल लिखा है। देश भर के लगभग सभी एरिया के छात्रों ने यह बात अनेक माध्यम से सामने लाई/रखी है। DGT के कई रीजनल डायरेक्टरों ने कैंडिडेट्स के रिक्वेस्ट पर एक एडिशनल लेटर इशू किया है, जिसमे इन कैंडिडेट्स को पात्र करने के लिए सर्टिफ़ाइ किया है, मै DGT ने इशू किये हुए NAC सर्टिफिकेट जिसमे अप्रैल 2019 लिखे हुए है ऐसे सभी अप्रेंटिसशिप कम्पलीट किए हुए सभी कोर्स कम्पलीटेड एक्ट अपरेंटिस (CCAAs) कैंडिडेट्स को जो बाकी प्रकिया में पात्र है और NAC सर्टिफिकेट अप्रैल 2019 के तहत रिजेक्ट किये है इन सभी कैंडिडेट्स को इस भर्ती प्रक्रिया में पात्र करने तथा रेलवे नौकरी में जोइनिंग देने के लिए सरकार से तथा माननीय रेलवे मंत्री जी से निवेदन करती हूँ।